**फ़ाइल संख्या: डिस्क/विविध/2024-2** **दिनांक: 01.08.2025**

आईसीएमआर अन्वेषण अनुसंधान प्रभाग, परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली के अंतर्गत, पूर्णतः अस्थायी संविदा आधार पर निम्नलिखित गैर-संस्थागत मानव संसाधन पदों को भरने का प्रयोजन रखता है:

| **क्र.सं.** | **पद का नाम** | **पारिश्रमिक** | **अर्हकताएँ** |
|---|---|---|---|
| 1. | वित्त सलाहकार:<br>01 पद | समेकित पारिश्रमिक 1,00,000-1,80,000 रुपये के बीच<br>(नोट: परिलब्धियां परिषद के दिनांक 26/11/2024 के कार्यालय ज्ञापन आदेश संख्या16/84/2024-प्रशासन/ई171470 के पैरा 7.4 के अधीन चयन समिति द्वारा की गयी सिफारिश के अनुसार निर्धारित की जाएगी, और यह उम्मीदवार की योग्यता और अनुभव के आधार पर निर्भर होगी।)<br>सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों के लिए पारिश्रमिक वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग के दिनांक 09 दिसंबर 2020 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 3-25/2020-ई.IIIA के अनुसार निर्धारित किया जाएगा। | **अनिवार्य अर्हकताएः** सरकारी विभाग/पीएसयू/ स्वायत्त निकायों में प्रशासन/वित्त एवं लेखा, लेखा परीक्षा, विधि में कम से कम 10 वर्षों का अनुभव रखने वाले पेशेवर, तथा प्रबंधन/कानून/लोक प्रशासन/वित्त अर्थात् लेखा/सीए/आईसीडब्ल्यूएआई/वाणिज्य/अर्थशास्त्र आदि प्रासंगिक विषय में स्नातकोत्तर डिग्री होनी चाहिए।<br>**या**<br>किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री और वेतन स्तर -7 और उससे ऊपर के वेतन स्तर में सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी तथा प्रबंधन/ कानून/ लोकप्रशासन वित्त और लेखा/ सीए/ आईसीडब्ल्यूएआई/वाणिज्य/अर्थशास्त्र, आदि के क्षेत्र में 10 वर्षों के अनुभव के साथ।<br>**वांछनीय अर्हकताएः** आईटी अनुप्रयोगों, वर्चुअल बैठकों के प्लेटफॉर्मस और कंप्यूटर दक्षता का ज्ञान का अतिरिक्त लाभ होगा। |
| 2. | युवा पेशेवर - II<br>(वित्त एवं प्रशा.):<br>01 पद | समेकित पारिश्रमिक<br>₹42,000 | **अनिवार्य अर्हकताएँ:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/कॉलेज से एम.कॉम/एमबीए (न्यूनतम 55% अंकों के साथ) या सीए (इंटर)/आईसीडब्ल्यूए (इंटर)/सीएस (इंटर)। उम्मीदवार के पास संबंधित क्षेत्र/विषय में योग्यता के बाद का न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए।<br>**वांछनीय अर्हकताएः** आईटी अनुप्रयोगों, वर्चुअल बैठकों प्लेटफॉर्मस और कंप्यूटर दक्षता (एमएस वर्ड, एक्सेल, पावरपॉइंट, टैली आदि) के ज्ञान का एक अतिरिक्त लाभ होगा। |
| 3. | युवा पेशेवर - II<br>(प्रशासन):<br>02 पद | समेकित पारिश्रमिक<br>₹42,000 | **अनिवार्य अर्हकताएः** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/कॉलेज से न्यूनतम 55% अंकों के साथ किसी भी विषय में स्नातकोत्तर। उम्मीदवार के पास संबंधित |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | क्षेत्र/विषय में योग्यता के बाद का न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए।<br>**वांछनीय अर्हकताएः** आईटी अनुप्रयोगों, वर्चुअल बैठकों प्लेटफॉर्मस और कंप्यूटर दक्षता (एमएस वर्ड/एक्सेल/पावरपॉइंट/टैली आदि) के ज्ञान का एक अतिरिक्त लाभ होगा। |

**कार्य स्थान:** परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली।

**नोटः**

क) सभी शैक्षणिक योग्यताएं/प्रमाणपत्र मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से होने चाहिए।

ख) सामान्यतः सरकारी संगठनों से प्राप्त सभी अनुभवों का लाभ मिलेगा और न्यूनतम अनिवार्य अर्हकताएँ पूरी करने की तारीख के बाद के गिने जाएँगे। प्रतिष्ठित राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से प्राप्त अनुभव पर भी विचार किया जाएगा।

ग) संबंधित अनुभव परियोजना के अध्ययन के लिए आवश्यक प्रासंगिक विषय/क्षेत्र के होने चाहिए।

घ) सभी सामुदायिक प्रमाण पत्र सरकार के प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा जारी किए गए हो।

ङ) अपेक्षित विषय/विशेषज्ञता का उल्लेख पद के सामने कोष्ठक में किया जा सकता है।

च) प्रत्येक दो वर्ष के लिए प्रारंभिक परिलब्धियां पर 5% की वृद्धि, जो निष्पादन समीक्षा के अधीन होगी।

**आवेदन कैसे करें:**

1. योग्य उम्मीदवार https://forms.gle/A1ZGNUDBZtvJ1kZN9 पर ऑनलाइन आवेदन करें
2. आवेदन के साथ निम्नलिखित स्व-सत्यापित आवश्यक दस्तावेज संलग्न किए जाने हैं:-

   क. जन्मतिथि प्रमाणपत्र

   ख. शैक्षिक योग्यता

   ग. अनुभव

   घ. बायोडाटा

   दिनांक 28-08-2025 को सायं 5:00 बजे के बाद किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। अतः उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख का इंतज़ार किए बिना समय पर अपना आवेदन जमा कर दें। चयनित उम्मीदवारों की अलग से सूची आईसीएमआर की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। इसके लिए व्यक्तिगत रूप से सूचना दी जाएगी।

**सामान्य नियम और शर्तें**

1. पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
2. ये पद अस्थाई परियोजनाओं के लिए हैं और परियोजना के साथ ही समाप्त हो जाएंगे।
3. उपर्युक्त विज्ञापित परियोजना मानव संसाधन (कर्मी) पदों की नियुक्ति धन की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकताओं और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करेगी। अतः हम सभी विज्ञापित परियोजना मानव

संसाधन (कर्मी) पदों को भरने के लिए प्रतिबद्ध नहीं हैं और प्रक्रिया किसी भी समय वापस ली जा सकती है/रद्द की जा सकती है/संशोधित की जा सकती है।

4. इस विज्ञापन में दर्शाई गई परिलब्धियां/वजीफा की दरें परियोजना विशेष के लिए हैं तथा परियोजना की वित्तपोषण एजेंसी की मंजूरी के अनुसार भिन्न-भिन्न हो सकती हैं।
5. आयु सीमा की अंतिम तारीख आवेदन जमा करने की अंतिम दिनांक के अनुसार होगी।
6. आयु में छूट आईसीएमआर के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगी।
7. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को अपना नवीनतम जाति वैधता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। ओबीसी अभ्यर्थियों के पास नवीनतम वैध नॉन-क्रीमी लेयर प्रमाण-पत्र होना चाहिए। दिव्यांग अभ्यर्थियों को सरकारी अस्पताल के मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी नवीनतम विकलांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें 40% से कम विकलांगता न हो।
8. योग्यता और अनुभव प्रासंगिक अनुशासन/क्षेत्र में तथा प्रतिष्ठित संस्थान से होना चाहिए। न्यूनतम आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के बाद अनुभव प्राप्त किया जाना चाहिए।
9. न्यूनतम आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के बाद अनुभव प्राप्त किया जाना चाहिए।
10. केवल आवश्यक योग्यता पूरी करना ही चयन की गारंटी नहीं है।
11. किसी भी सरकारी विभाग या संगठन के अंतर्गत पहले से ही नियमित समय वेतनमान सेवा में कार्यरत व्यक्ति आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।
12. साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा में भाग लेने के लिए कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा और अभ्यर्थियों को परिवहन/आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
13. आईसीएमआर किसी भी आवेदन/उम्मीदवारी पर विचार करने या उसे अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
14. चयन प्रक्रिया के दौरान गलत या झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर किसी भी स्तर पर उम्मीदवारी अयोग्य घोषित कर दी जाएगी।
15. परियोजना मानव संसाधन पदों पर कार्यरत व्यक्तियों को समय की कमी के कारण पीएचडी के लिए पंजीकरण की अनुमति नहीं दी जा सकती।
16. परियोजना मानव संसाधन पदों पर नियुक्त व्यक्तियों को सामान्यतः अध्ययन स्थल पर ही नियुक्त किया जाएगा; हालांकि, शोध कार्य के हित में उन्हें किसी अन्य स्थल पर भी नियुक्त किया जा सकता है। उन्हें देश के किसी भी भाग में सेवा करनी होगी।
17. परियोजना मानव संसाधन पदों पर कार्यरत व्यक्तियों का आईसीएमआर या इसके किसी संस्थान/केंद्र या भारत सरकार के किसी विभाग में नियमित पद पर कोई दावा नहीं होगा और किसी एक या एक से अधिक परियोजनाओं में ब्रेक सहित या बिना ब्रेक के उनकी परियोजना अवधि उन्हें किसी अन्य परियोजना में आगे असाइनमेंट या स्थानांतरण या वित्त पोषण एजेंसी या आईसीएमआर में सेवा में नियुक्ति/समावेशन/नियमितीकरण का कोई अधिकार नहीं देगी। परियोजना मानव संसाधन पदों के लिए भविष्य निधि, पेंशन योजना, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा, स्टाफ क्वार्टर और आईसीएमआर के नियमित कर्मचारियों के लिए लागू अन्य सुविधाओं के लाभ स्वीकार्य नहीं हैं।
18. सफल उम्मीदवारों को आम तौर पर परियोजना मानव संसाधन पद पर शुरू में एक वर्ष या उससे कम अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा, जो परियोजना की अवधि और कार्यात्मक आवश्यकताओं पर निर्भर करेगा। परियोजना मानव संसाधन पदों की नियुक्ति की निरंतरता / विस्तार प्रदर्शन के मूल्यांकन, परियोजना की अवधि, धन की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकताओं और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करेगा। किसी भी या एक से अधिक परियोजनाओं में किसी भी परियोजना मानव संसाधन पद की अधिकतम अवधि, ब्रेक के साथ या

बिना ब्रेक के केवल पांच वर्ष होगी। संबंधित परियोजना अन्वेषक, प्रभाग प्रमुख और मेजबान संस्थान के प्रमुख महानिदेशक, आईसीएमआर की पूर्व सहमति के बिना किसी भी परियोजना मानव संसाधन पद को किसी भी या एक से अधिक परियोजनाओं में ब्रेक के साथ या बिना ब्रेक के पांच साल से अधिक समय तक जारी रखने / विस्तार देने के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार और जवाबदेह होंगे।

19. आईसीएमआर बिना कोई कारण बताए, सहमत अनुबंध अवधि या विस्तारित अनुबंध अवधि के दौरान भी परियोजना मानव संसाधन (कर्मी) को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
20. परियोजना मानव संसाधन पदों के लिए छुट्टी आईसीएमआर की नीति के अनुसार होगी।
21. अभ्यर्थी को निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन-पत्र भरकर, हाल ही की पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटों, विस्तृत बायो-डेटा/सी.वी. और सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ जो स्वयं द्वारा सत्यापित हों; अपनी शैक्षिक योग्यता [10वीं कक्षा से आगे के सभी प्रमाण पत्र और मार्कशीट], कार्य अनुभव, आयु, जाति और फोटो पहचान पत्र [आधार कार्ड/भारतीय पासपोर्ट/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस] आदि के प्रमाण के रूप में, आवेदन जमा करने की निर्धारित तारीख और समय के भीतर, जमा करना होगा; ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। विलंबित/अपूर्ण/हस्ताक्षर रहित आवेदनों पर बिल्कुल भी विचार नहीं किया जाएगा और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।
22. आईसीएमआर अपने विवेकानुसार किसी भी समय इस प्रक्रिया को रद्द/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
23. सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
24. किसी भी रूप में प्रचार करना अयोग्यता माना जाएगा।
25. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/अन्य जानकारी; यदि कोई हो; केवल हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। इसलिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन से संबंधित आगे की अपडेट के लिए नियमित रूप से हमारी वेबसाइट:hrrps://www.icmr.nic.in, का अवलोकन करें।

***********

वेद प्रकाश

प्रशासन अधिकारी, अन्वेषण अनुसंधान प्रभाग

परिषद मुख्यालय